# दिल्ली को मिला स्वास्थ्य का रोडमैप

- नड्डा ने नियुक्ति पत्र सौंपे, आयुष्मान वैन को हरी झंडी दी
- पूर्ववर्ती सरकारों की लापरवाही भारी

**नई दिल्ली, 06 जुलाई.देश की राजधानी दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में 1,388 नर्सिंग अधिकारियों और 41 पैरामेडिकल कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे. साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत पंजीकरण के लिए तैयार 70 मोबाइल वैन में से 20 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने पूर्ववर्ती सरकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्षों की उपेक्षा का खामियाजा दिल्लीवासियों को भुगतना पड़ा है. केंद्र सरकार ने जनहित में दिल्ली को बार-बार मदद देने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय राजनीतिक कारणों से योजनाएं रुकी रहीं.




### हर महीने 100 नए केंद्र शुरू करने का लक्ष्य

नड्डा ने कहा कि दिल्ली में 31 मार्च 2026 तक 1,100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे. दिल्ली सरकार के अनुसार इनमें से 100 मंदिर तैयार हो चुके हैं और 34 का उद्घाटन भी हो चुका है. बाकी कार्य प्रगति पर है और हर महीने 100 नए केंद्र शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है. ये केंद्र लोगों को पास में ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे.आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 विशेष मोबाइल वैन तैनात की जाएंगी. इनमें से 20 को नड्डा ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

> नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2017 से ही दिल्ली के गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ देना चाहते थे. लेकिन उस वक्त दिल्ली सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया. उन्होंने तंज करते हुए कहा, 20 फरवरी को आपने लोटा सीधा किया और आज आपको आयुष्मान भारत मिल गया.उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 2021 से 2025 के बीच दिल्ली को 1,700 करोड़ रुपये की सहायता दी गई, लेकिन एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ.



## ज्ञानभूमि में दलाई लामा का जन्मोत्सव

**गया जी, 06 जुलाई.**भगवान बुद्ध की पावन ज्ञानभूमि बोधगया स्थित तिब्बती मोनेस्ट्री में आज बौद्ध धर्म के शीर्ष धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस मनाया गया.गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव महाश्वेता महारथी, तिब्बत मॉनेस्ट्री के प्रभारी आमजी बाबा सहित कई धर्म गुरुओं ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया,साथ ही दलाईलामा की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की.

# रांची में चीनी ठग गिरोह पकड़ा

- डिजिटल अरेस्ट नाम से ठगी
- म्यूल अकाउंट से लेनदेन करते

**रांची, 06 जुलाई.झारखंड की राजधानी रांची के जगन्नाथपुर इलाके में स्थित एक होटल से सीआईडी की साइबर पुलिस ने शुक्रवार को चीनी साइबर अपराधियों के सात एजेंटों को गिरफ्तार किया है. सीआईडी ने इस मामले में साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार जुलाई को सीआईडी के साइबर थाने को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त होटल में संगठित साइबर अपराधियों का गिरोह डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर ठगी की गतिविधियों को अंजाम दे रहा है.

यह गिरोह चीनी साइबर अपराधियों के लिए म्यूल बैंक खातों की व्यवस्था करता था, जिनके माध्यम से अवैध लेनदेन को अंजाम दिया जाता था.सीआईडी ने बताया कि यह गिरोह देशभर में साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देता था और चीनी साइबर एजेंटों को म्यूल खातों की आपूर्ति करता था. गिरफ्तार एजेंट चीनी कंपनियों जैसे मोनो पे, ड्रैगन पे, सुपर पे, और मैंगो पे इंडिया के लिए भी काम करते थे.

ये एजेंट वॉट्सऐप और टेलीग्राम ऐप के जरिए एपीके फाइलें पीड़ितों को भेजते थे.इस एप्लीकेशन को उन मोबाइल में इंस्टॉल कराया जाता था जिनमें बैंक से लिंक्ड सिम होते थे.

### 60 म्यूल बैंक खातों की जानकारी मिली

इंस्टॉल होने के बाद एपीके एप्लीकेशन स्वचालित रूप से ओटीपी और बैंक अलर्ट को चीनी सर्वर पर भेज देती थी. इससे चीनी साइबर अपराधी उन खातों का रिमोट एक्सेस प्राप्त कर लेते थे और करोड़ों रुपये की हेराफेरी को अंजाम देते थे .गिरफ्तारी के बाद सीआईडी ने जब बैंक खातों की जांच की, तो पाया कि इस गिरोह के खिलाफ निवेश और डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी करीब 68 शिकायतें दर्ज हैं. वहीं, गिरोह के पास से 60 म्यूल बैंक खातों की पूरी जानकारी मिली है. सीआईडी अधिकारियों के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय और देशभर में फैले साइबर अपराधियों के खिलाफ यह एक बड़ी सफलता है. इनके पास से 12 मोबाइल, एक सिम, 14 एटीएम कार्ड और वॉट्सऐप व टेलीग्राम ऐप की चैटिंग से 60 म्यूल खातों का विवरण बरामद किया गया है.

# फूलों पर मंडी शुल्क खत्म : योगी

## योगी सरकार ने फूल उत्पादकों को दी बड़ी राहत

**लखनऊ 06 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए सभी प्रकार के फूलों को 'निर्दिष्ट कृषि उपज' की श्रेणी से हटाकर 'गैर-निर्दिष्ट' श्रेणी में डाल दिया है.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फूल जल्दी खराब होने वाले और समय के लिहाज से बहुत संवेदनशील होते हैं. मंडियों में पहुंचने में देरी होने से उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं



मिल पाता.उन्होंने कहा कि यही कारण है कि मंडी परिसर के बाहर फूल बेचने पर मंडी शुल्क नहीं लिया जाएगा. इस निर्णय से विशेष रूप से छोटे, सीमांत और मौसमी फूल उत्पादकों को महत्वपूर्ण सहायता मिलने की उम्मीद है.कल योगी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी बोर्ड की 171वीं बोर्ड बैठक में यह बड़ी घोषणा की गई.

नए नियम के अनुसार फूल उत्पादकों को अब मंडी के बाहर किए गए लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं देना होगा. मंडी के अंदर केवल यूजर चार्ज लागू होगा.बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मंडी परिषद महज एक संस्थागत संस्था नहीं है,

## भारत में रॉयटर्स का एक्स अकाउंट बंद

**नई दिल्ली,06 जुलाई.** समाचार एजेंसी रॉयटर्स का एक्स अकाउंट भारत में कानूनी मांग के कारण बंद कर दिया गया है. एक्स द्वारा दिखाए गए एक नोटिस में यह जानकारी दी गई है. हालांकि, सरकारी सूत्रों ने इस मामले में किसी भी नई कानूनी मांग से इनकार किया है और रॉयटर्स के अकाउंट को बंद करने को लेकर एक्स से स्पष्टीकरण मांगा है.सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह ब्लॉक ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 मई को की गई एक पुरानी अपील से संबंधित हो सकता है.

# इटावा सफारी पर अखिलेश का हमला

## योगी सरकार पर लाइन सफारी उपेक्षा का आरोप

**इटावा 06 जुलाई. एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है.**

इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया,21 लेपर्ड,6 भालू,6 बारह सिंघा,250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के



अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं.समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है.

> इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है.उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है.अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है.

## बिहार के लोगों के मताधिकार छीन रही सरकार: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 06 जुलाई.** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार के लोगों के वोट देने के अधिकार को छीनना चाहती है इसलिए चुनाव से ठीक पहले मतदाता पहचान पहचान के लिए सदन अभियान चलाकर मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है.कांग्रेस का कहना है कि जो काम उसे समय से कर देना चाहिए था वह चुनाव से ठीक पहले शुरू किया जा रहा है ताकि मतदाता समय पर शर्तों के अनुसार कागजात जमा नहीं कर पाएं और और उन्हें मतदान से वंचित रखा जा सके.पार्टी ने कहा बिहार वासियों सावधान. चुनाव आयोग के साथ मिलकर मोदी सरकार आपके वोट के अधिकार को छीन लेना चाहती है.


# ट्रंप गोल्फ क्लब पर हवाई घुसपैठ

- एफ-16 ने अज्ञात विमान को खदेड़ा बाहर
- सेंध से व्हाइट हाउस और पेंटागन में मची हलचल

**वॉशिंगटन डीसी,06 जुलाई.अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्फ कोर्स के पास हवाई क्षेत्र में एक अज्ञात विमान की घुसपैठ से हड़कंप मच गया. इस विमान को अमेरिकी एफ-16 फाइटर जेट ने इंटरसेप्ट कर बाहर खदेड़ दिया.**

ट्रंप की सुरक्षा में इस सेंध से व्हाइट हाउस और पेंटागन में हलचल मच गई है, और मामले की जांच जारी है.यह घटना शनिवार को ट्रंप के बेडमिंस्टर, न्यू जर्सी स्थित गोल्फ क्लब के ऊपर अस्थायी रूप से प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में हुई. एक आम विमान के घुसपैठ करते ही सुरक्षा महकमे में अफरा-तफरी मच गई. अमेरिकी सैन्य बलों के एक बयान के अनुसार, एफ-16 लड़ाकू विमान ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उस विमान को इंटरसेप्ट किया और इलाके से बाहर निकाल दिया.नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने भी इस घटना की पुष्टि की है, जिसके अनुसार यह शनिवार दोपहर करीब 2:39 बजे घटित हुई. एनओआरएडी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में इस प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में यह पांचवीं अनधिकृत घुसपैठ थी. एनओआरएडी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि एफ-16 फाइटर जेट ने पीछा कर विमान को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर खदेड़ दिया.

> इस घटना के बाद एनओआरएडी ने पायलटों को विशेष एडवाइजरी जारी की है. एनओआरएडी ने 5 जुलाई 2025 को बेडमिंस्टर, न्यू जर्सी के ऊपर अस्थायी उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले विमान को इंटरसेप्ट करने की जानकारी दी. पायलटों को एफएए के एनओआरएडी की जांच करने और सजग व सुरक्षित उड़ान भरने की महत्वपूर्ण याद दिलाई गई है.



### आज का इतिहास

1758 आधुनिक त्रावणकोर के निर्माता राजा मार्तंड वर्मा का निधन

1896 भारत में सिनेमा का प्रवेश. मुंबई के वाटसन होटल में ल्यूमिर बंधुओं ने फिल्मों का पहली बार प्रदर्शन किया.

1912 अमेरिकी खिलाड़ी जिम थोर्पे ने स्टॉकहोम ओलम्पिक में चार स्वर्ण जीतकर तहलका मचाया.

1928 स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई. इसे मशीन से काट कर तैयार किया गया.

1930 ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल का निधन

1948 बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना.

1978 सोलोमन द्वीप ने यूनाइटेड किंगडम से अपनी आजादी का ऐलान किया.

# बिक्रम मजीठिया को 14 दिन की हिरासत

## ड्रग केस में मजीठिया को नाभा जेल भेजा गया

**अमृतसर,6 जुलाई .पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच नाभा जेल ले जाया गया है. रविवार को मजीठिया की रिमांड खत्म हुई, जिसके बाद कोर्ट में पेशी हुई. मोहाली कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है.**

शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग केस में 25 जून को गिरफ्तारी हुई थी. पंजाब की विजिलेंस ब्यूरो ने मजीठिया को उनके अमृतसर स्थित घर से गिरफ्तार किया था. अगले दिन कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर भेजा था, जिसे बाद में 4 दिन के लिए बढ़ाया गया. फिलहाल रिमांड खत्म होने के



बाद रविवार को ही छुट्टी के दिन मोहाली कोर्ट में मजीठिया की पेशी हुई.

सरकारी वकील फेरी सोफत ने न्यूज एजेंसी को बताया, 卐कुल 15 दिन की रिमांड थी. 12 दिन हो चुके हैं, लेकिन विजिलेंस विभाग ने 3 दिन रिजर्व रखे हैं ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में पूछताछ की जा सके. वकील ने कहा कि विजिलेंस टीमें कई अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं. बरामद दस्तावेजों के बाद मजीठिया को फिर से रिमांड पर लिया जा सकता है.बिक्रम सिंह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच मोहाली कोर्ट लाया गया. गाड़ियों के काफिले के अलावा सड़क पर जगह-जगह पुलिस की तैनाती रही. इस दौरान मजीठिया समर्थक और अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने कोर्ट तक पहुंचने की कोशिश की, जिन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया. मजीठिया को 19 जुलाई तक नाभा जेल भेजा गया है.इधर, शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब पुलिस पर पार्टी नेताओं को घर में नजरबंद रखने के आरोप लगाए हैं.



# असम कांग्रेस को नई टीम मिली

## जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बनी नई राजनीतिक समिति

- 19 नेताओं को समिति में जगह
- गौरव गोगोई बने प्रदेश अध्यक्ष

**नयी दिल्ली, 06 जुलाई .कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र पार्टी संगठन को और सक्रिय बनाने के वास्ते राजनीतिक मामलों की समिति गठित करने के साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की है.**

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इन नियुक्तियों को मंजूरी देते हुए नये समिति तथा प्रदेश पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने को कहा है.उन्होंने कहा कि पार्टी ने राजनीतिक समिति में वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह, गौरव गोगोई, रिपेन बोहरा,भूपेन बोहरा, रकीबुल हुसैन सहित 19 वरिष्ठ नेताओं को जगह है जबकि प्रदेश इकाई के लिए हेमा हरि पेगु को कोषाध्यक्ष, जयन्त कलिता, पी वसुमतारी, प्रणव राभा सहित 14 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव, 65 सचिव तथा 20 संयुक्त सचिव नियुक्त किये हैं.

पार्टी ने वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह को समिति का अध्यक्ष बनाया है और उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई, पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोराह, देबब्रत सैकिया, रकीबुल हुसैन, पबन सिंह घटोवर, प्रद्युत बोरदोलोई, रिपुन बोराह, जाकिर हुसैन सिकदार, श्रीमती रोसिलिना टिर्के, प्रदीप सरकार, अब्दुल खालेक, श्रीमती प्रणति फुकन, बालिन कुली, श्रीमती नंदिता दास, श्रीमती रानी नाराह, वाजेद अली चौधरी, अजीत सिंह तथा अरुण दत्ता मजूमदार शामिल हैं.

> प्रदेश कांग्रेस के लिए पार्टी ने घना बुरागोहाई, प्रणेश्वर बसुमतरी, प्रणय राभा,रजीब लोचन पेगु, दिलीप मोरान, राजू साहू, नवज्योति तालुकदार, मेहदी आलम बोरा, माधव राजबोंगशी, हाफिज राशिद चौधरी, राम प्रसाद शर्मा, शरीफ-उज्जमां लस्कर, जयंती कलिता, मीना टेली को उपाध्यक्ष बनाया है जबकि बिपुल गोगोई,प्रद्युत भुयान, जॉय प्रकाश दास, देबा चेटिया, गजेन्द्र उपमन्यु, राजेश जोशी, सुभमित्र गोगोई, सैलेन सोनोवाल शाहिद 35 लोगों को महासचिव बनाया है.


## लेबनान ने इजरायल पर दबाव डालने की अपील की

**बेरूत, 06 जुलाई (वार्ता)** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लेबनान पर हमलों को रोकने के लिए इजरायल पर दबाव डालने की अपील की है और कहा है कि निरंतर 'हमले' राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है.औन ने शनिवार को कहा, हम अपने भागीदारों और सहयोगियों से इजरायल पर हमलों को रोकने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 के वास्ते पूरी तरह से प्रतिबद्ध होने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील करते हैं. उन्होंने यह बात ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एक बैठक के दौरान कही.

# रक्षामंत्री राजनाथ रक्षा लेखा विभाग का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली 06 जुलाई.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे.रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जायेगी.**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे. यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को



आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है. नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है.

## अवैध घुसपैठ पर टीआईपीआरए का मार्च

**अगरतला.** त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए सरकार की सहयोगी पार्टी टीआईपीआरए मोथा ने 1971 के बाद यहां आकर जाली दस्तावेजों के साथ यहां रह रहे अवैध बंगलादेशी नागरिकों को तत्काल वापस भेजने की मांग को लेकर दिल्ली तक पैदल मार्च शुरू किया है.टीआईपीआरए मोथा नेताओं के एक समूह ने शहर के उत्तरी द्वार से अपना मार्च शुरू किया जो दिल्ली के जंतर मंतर पर समाप्त होगा. टीआईपीआरए मोथा को उम्मीद है कि इस मार्च के जरिये जनता को जागरूक किया जा सकेगा. ये मार्च कई राज्यों और शहरों से गुजरेगा और अवैध बंगलादेशी घुसपैठियों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा.

### एक नजर में




## आपदा के बाद मंडी पहुंचीं कंगना

**मंडी.** हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई है, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिले में हुआ है. इस त्रासदी के बाद अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत नुकसान और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताने अपने लोकसभा क्षेत्र पहुंचीं. उन्होंने मीडिया से बात करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा. कंगना रनौत ने बताया कि वह स्थिति का पूरा ब्यौरा केंद्र सरकार को प्रस्तुत करेंगी और राज्य के लिए राहत और फंड की मांग करेंगी .मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, बहुत नुकसान हुआ है. जानमाल की हानि हुई है. कई दुकानें और घर बह गए हैं. मैं इसका ब्यौरा केंद्र सरकार को दूंगी, साथ ही राज्य के लिए राहत और फंड की मांग करूंगी. पिछली बार केंद्र सरकार ने हिमाचल को हजारों करोड़ की सहायता दी थी, जो पूरी तरह से जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पाई. इस बार उम्मीद करती हूं कि राज्य सरकार राहत राशि को सही तरीके से लोगों तक पहुंचाएगी.

## कार और पिकअप से टक्कर, चार लोगों की मौत

**बारां.** राजस्थान में बारां जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को देर रात एक कार और पिकअप के बीच टक्कर होने से चार लोगों की मौत हो गयी. पुलिस उप अधीक्षक ओमेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को बताया कि देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर गजनपुरा, पैनोरमा के पास लखनऊ से राजस्थान में कोटा जा रही कार एक गड्ढे से बचने के प्रयास में कार अनियंत्रत होकर आगे जा रही एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी. उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से चारों लोगों को निकाला. इनमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि एक युवती ने कोटा में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया .शेखावत ने बताया कि मृतकों की पहचान नमन चतुर्वेदी (25), दिल्ली के राहुल प्रकाश (30), गोरखपुर की अंशिका मिश्रा (25) और लखनऊ की जय शर्मा (25) के रूप में हुई है.

## राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई. पुलिस ने आज यहां बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गयी थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### रोजगार के अवसर — पर्यटन जैव विविधता संरक्षण को मिला बढ़ावा

# पुष्कर सिंह धामी ने की कार्बेट सफारी

- जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव
- जैव विविधता को बताया धरोहर

**नैनीताल, 06जुलाई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को कार्बेट नेशनल पार्क पहुंचे. सीएम ने जंगल सफारी के दौरान वन्य जीवन की अद्भुत और रोमांचकारी झलक का अनुभव किया.**

उन्होंने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से जंगल सफारी पर्यटन को एक नई पहचान मिली है. मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि यहां अनुभव केवल प्रकृति की सुंदरता को देखने का नहीं, बल्कि जैव विविधता और प्रकृति की अनमोल विरासत से जुड़ने का अवसर भी है.मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप जंगल सफारी पर्यटन को आज एक नई पहचान मिली है. देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड आ रहे हैं.



> सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया. पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज कार्बेट नेशनल पार्क (रामनगर, नैनीताल) में जंगल सफारी के दौरान वन्यजीवन की अद्भुत और रोमांचकारी झलक देखने को मिली. जैव विविधता के बीच यह अनुभव प्रकृति की अनमोल विरासत से जुड़ने का अवसर बना. हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से आज राज्य में जंगल सफारी पर्यटन को एक नई पहचान मिली है.